Need to provide stoppage to Howrah-Lalkuan Express at Bhadohi Railway Station and introduce a train from Gyanpur Road Railway Station to Lucknow-laid

डॉ. विनोद कुमार बिंद (भदोही) : मेरे लोकसभा क्षेत्र भदोही की पहचान वैश्विक स्तर पर कालीन कारोबार के लिए जानी जाती है। हजारों करोड़ रुपये की कालीन का एक्सपोर्ट विदेशी बाजारों में होता है। ऐसे में विदेशी आयतक बुनकर और स्थानीय लोगों का आवागमन ट्रेनों के माध्यम से कालीन नगरी भदोही और ज्ञानपुर रोड रेलवे स्टेशन के द्वारा होता है हावड़ा लाल कुआं एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव अगर कालीन नगरी की भदोही रेलवे स्टेशन पर होगा तो क्षेत्र को बड़ा लाभ मिलेगा इसके अलावा ज्ञानपुर रोड रेलवे स्टेशन रूट से प्रदेश की राजधानी लखनऊ के लिए कोई ट्रेन नहीं है इस रूट पर उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के लिए ट्रेन आज अति महत्वपूर्ण है इन दोनों मांगों के पूरा होने से कालीन कारोबार और स्थानीय लोगों को बड़ा लाभ मिलेगा।